मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : enammpsamb@gmail.com Tel. : 0755-2554949

E-mail

क्रमांक/बोर्ड/रा0कृ0बा0/2019–20/50/342 भोपाल, दिनांक– 22/01/2020

प्रति,

सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति .... (समस्त 83)
जिला–................................ (समस्त) (म0प्र0)

विषयः– ''राष्ट्रीय कृषि बाजार'' (e-NAM) योजनान्तर्गत मानव संसाधन (ग्रेडर एवं आपरेटर) रखे जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– मण्डी बोर्ड मुख्यालय का पत्र क्रमांक/बोर्ड/रा0कृ0बा0/2019–20/55/294–295 भोपाल, दिनांक 12.12.2019

––00––

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि सचिव कृषि उपज मण्डी समिति छतरपुर के पत्र क्रमांक/मण्डी/ई–नेम/19–20/766 दिनांक 25.11.2019 में किये गये उल्लेख अनुसार कृषि उपज मण्डी समिति छतरपुर में ''राष्ट्रीय कृषि बाजार'' (e-NAM) योजनान्तर्गत फर्म मिस्त्री बाबा भोपाल संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये ग्रेडर एवं आपरेटर को संस्था द्वारा पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किये जाने तथा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित संस्था को काली सूची (Black List) में रखा जाकर अनुबंध निरस्ती की आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

इस संबंध में संस्था फर्म मिस्त्री बाबा भोपाल द्वारा ''राष्ट्रीय कृषि बाजार'' (e-NAM) योजना के अन्तर्गत जिन मण्डी समितियों में मानव संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं, उनके द्वारा संबंधित संस्था को काली सूची (Black List) में रखा जाकर तत्काल अनुबंध निरस्ती की आवश्यक कार्यवाही की जावे। साथ ही संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये आपरेटर एवं ग्रेडर को पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किये जाने की स्थिति में आपरेटर एवं ग्रेडर की कार्य अवधि तथा उपस्थिति स्वयं मण्डी सचिव द्वारा प्रमाणित की जाकर संस्था को भुगतान की जाने वाली राशि से निर्धारित कलेक्टर दर अनुसार आपरेटर/ग्रेडर को भुगतान किये जाने की कार्यवाही की जावे। किसी भी त्रुटिपूर्ण अथवा बिना कार्य के भुगतान के लिये मण्डी सचिव स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा। इसके लिये कोई भी अन्य कार्यालय उत्तरदायी नहीं रहेगा।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही की जाकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

अपर संचालक (ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/रा0कृ0बा0/2019–20/50/343 भोपाल, दिनांक– 22/01/2020

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निज सहायक प्रबंध संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. संयुक्त/उप संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)

अपर संचालक (ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल